केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

<u>आवधिक परीक्षा -1</u>

विषय -हिंदी कक्षा-छह अवधि- 1:30 घंटे पूर्णांक 40

टिप्पणी : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

---

1) निम्न पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए- (1x5=5)

वह चिड़िया जो
चोंच मारकर
चढ़ी नदी का दिल-टटोलकर
जल का मोती ले जाती है
वह छोटी गरबीली चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे नदी से बहुत प्यार है।

1) कवि और कविता का नाम लिखिए।
2) चिड़िया नदी से जल कैसे लेती है?
3) <u>गरबीली</u>शब्द का अर्थ बताइए?
4) <u>'जल का मोती ले जाती है'</u> पंक्ति का आशय क्या है?
5) चिड़िया को किससे प्यार है?

2-निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x5=5)

हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव-जन्तु नहीं थे। फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले ही जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ। कोई दस हजार साल पहले आदमी ने गावों को बसाना शुरू किया। वह खेती करने लगा। वह पत्थरों के औजारों का इस्तेमाल करता था। फिर उसने ताँबे और कांसे के भी औज़ार बनाए।

प्रश्न -

I) यह धरती कितने साल पुरानी है?

क)तीन अरब साल ख)पाँच अरब साल
ग)चार अरब साल घ)दस अरब साल

II) दो-तीन अरब साल तक धरती पर क्या नहीं थे?

क) जीव-जन्तु ख)मनुष्य
ग)पेड़-पौधे घ)कोई जानकारी नहीं

III) आदमी कितने साल पहले इस धरती पर जन्म लिया-

क)दो लाख साल　　ख)छह लाख साल

ग)पाँच लाख साल　　घ)दस लाख साल

IV) आदमियों ने गाँव बसाना कब शुरू किया?

क)दस हज़ार वर्ष पहले　　ख)पंद्रह हज़ार वर्ष पहले

ग)छह हज़ार वर्ष पहले　　घ)पाँच हजार वर्ष पहले

V) शुरू में मनुष्य किससे बने औज़ार इस्तेमाल करता था?

क)पत्थर　　ख)कांसा

ग)तांबा　　घ)लोहा

3) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2x5=10)

क) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी?

ख) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मंगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

ग) अक्षरों के ज्ञान से पहले मनुष्य अपनी बात को दूर-दराज के इलाकों तक पहुँचाने के लिए किन-किन माध्यमों का सहारा लेता था?

घ) कंट्रोल रुम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहाँ उसने क्या हरकत की?

ङ) अन्तरिक्ष यान को किसने भेजा था और क्यों?

4) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2x2=4)

क) 'आप पहने हुए हैं कुल आकाश' के माध्यम से लड़की क्या कहना चाहती है?

ख) लड़की ने चाँद से गप्पें किस दिन लगाई होगी?उसका कारण भी बताइए।

5) बाल-रामकथा के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2x3=6)

क) राम के वन-गमन के दृश्य का वर्णन कीजिए?

ख) रानी कैकेयी ने राजा दसरथ से कौन से दो वरदान मांगे?

ग) सीता राम के साथ वन जाना चाहती थीं। इसके लिए उन्होने राम को क्या कारण बताया?

<u>खंड-घ</u>

6) दो दिन के अवकाश के लिए प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए । (5)

7) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग सौ शब्दों में निबंध लिखिए- (5)

क) पुस्तकालय　　ख) मेरा प्रिय खेल

****